भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2886
उत्तर देने की तारीख 13 अगस्त, 2026

बिहार के आकांक्षी ज़िलों में डिजिटल कनेक्टिविटी

2886. **श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने बिहार के आकांक्षी ज़िलों में दूरसंचार और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की उपलब्धता और गुणवत्ता का आकलन किया है;
(ख) क्या अपर्याप्त डिजिटल अवसंरचना इन ज़िलों में शिक्षा, स्वास्थ्य देखरेख, अभिशासन और वित्तीय समावेशन को प्रभावित कर रहा है;
(ग) अल्पसेवित क्षेत्रो में मोबाइल कवरेज, ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी और डिजिटल अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और
(घ) क्या राज्य में सार्वभौमिक डिजिटल कनेक्टिविटी हासिल करने के लिए कोई समयबद्ध योजना तैयार की गई है?

उत्तर

संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) से (घ): जून 2026 तक, बिहार के आकांक्षी जिलों के 17,380 गांवों (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) में से 17,361 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी है, जिसमें 17,354 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी शामिल है।

दिनांक 30.06.2026 तक, बिहार में 1,00,721 4जी बेस ट्रांससीवर स्टेशन (बीटीएस) और 30,731 5जी बीटीएस कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं, जिनमें बिहार के आकांक्षी जिलों में 31,829 4जी बीटीएस और 9,705 5जी बीटीएस शामिल हैं।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा तकनीकी-वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आधार पर, सेवा से वंचित आबादी वाले गांवों में मोबाइल कवरेज प्रदान की जाती है। सरकार ने देश के सेवा से वंचित आबादी वाले ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों जिसमें बिहार के आकांक्षी जिले शामिल हैं, में मोबाइल टावरों की संस्थापना के माध्यम से दूरसंचार कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) से वित्तपोषित विभिन्न स्कीमों को अनुमोदन प्रदान किया है। सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं के तहत दिनांक 30.06.2026 तक बिहार के आकांक्षी जिलों में 256 मोबाइल टावर ऑन-एयर किए जा चुके हैं, जिससे 289 गांवों को कनेक्टिविटी मिल रही है। इसके अलावा, सरकार ने सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और मांग के आधार पर बिना ग्राम पंचायत वाले गांवों को हाई-स्पीड फाइबर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए संशोधित भारत नेट कार्यक्रम को अनुमोदन प्रदान किया है।

ट्राई, क्यूओएस विनियमों में निर्धारित विभिन्न गुणवत्ता सेवा मानकों पर एक्सेस (वायरलाइन और वायरलेस) और ब्रॉडबैंड (वायरलाइन और वायरलेस) सेवाओं के लिए सेवा प्रदाताओं के लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) के अनुसार कार्यनिष्पादन की निगरानी करता है। ट्राई द्वारा मोबाइल सेवाओं के लिए जून-2026 माह में प्रकाशित कार्यनिष्पादन निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, बिहार सहित देश के सभी सेवा प्रदाता नेटवर्क से संबंधित सभी क्यूओएस मापदंडों को पूरा कर रहे हैं।

*****